# प्रेस–विज्ञप्ति
## राजस्व विभाग, उ0प्र0
## लेखपाल भर्ती परीक्षा– 2015

जनपद का नाम– अमेठी | परीक्षा का नामः लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या – 1023 /भूलेख | दिनांक 16, जून, 2015

**आवेदन पत्र स्वीकार (Submit) किये जाने अन्तिम तिथि – 22 जुलाई, 2015**
**परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि – 21 जुलाई, 2015**

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारुप पर आन–लाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त, 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

### रिक्तियों का विवरण

| क्र0 | पदनाम | दिनांक 01.7.2015 को आयु | वेतन मान | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जन जाति | अन्य पिछड़ी जाति | पद हेतु शैक्षिक अर्हता | पद हेतु अधिमानी अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लेखपाल | न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष | रू0 5200–20200 (ग्रेड पे–2000) | 122 | 50 | 28 | 0 | 44 | माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टर मीडियट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण | 1–प्रदेशिक सेना में न्यूनतम 02वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2– राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो |

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2–दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 के महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– आन–लाइन फार्म दिनांक **22.06.2015** से **22.07.2015** तक जमा किये जा सकेंगे। सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रु0 300/–( +बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुजाति/अनु0जनजाति के अभ्यर्थियों को रु0 150/–( +बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन–लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4– प्रदेश के सभी जनपदों मे परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं होगा।

5–परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बेबसाइट http.//bor.up.nic.in जिले की बेबसाइट http.//Amethi.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6– ऑन लाइन आवेदन का प्रारुप, आफ लाइन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश, अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रासंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक **22.06.2015** से परिषद के बेबसाइट http.//bor.up.nic.in पर और जिले की बेबसाइट http.//Amethi.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

16/6/15

अध्यक्ष चयन समिति/जिलाधिकारी,
अमेठी।